महत्वपूर्ण एवं खास

अचानकमार में बाघ के शावक का शव मिला

बिलासपुर (आरएनएस)। अचानकमार टाइगर रिज़र्व में बाघ के शावक का शव मिला है। खबरें हैं कि शव दो दिनों तक पड़ा रहा और वन अमले की तंद्रा आज टूटी। इस मसले को लेकर लगातार वन अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन मोबाईल काल कोई अटेन्ड नहीं किया।वन विभाग का यही रवैया रहता है। इसका ताजा उदाहरण पिछले सफ्ताह जिला पंचायत के सामान्य सभा मे डीएफ्ओ द्वारा सूचना के अधिकार के तहत जानकारी देने की बात जिला पंचायत सददस्यो से कहा गया।सदस्यों द्वारा बवाल करने पर अंततः डीएफ्ओ ने माफी मांगकर मामला रफ दफा किया था। सूत्रों के अनुसार शावक अथवा बाघ का शव टिंगीपुर गाँव के पास मिला है। वाइल्ड लाइफ़को लेकर सक्रिय जानकार यह बताते हैं कि इस इलाक़े में पहले भी घटनाएँ हुई हैं। बाघ अथवा उसके शावक की मौत कैसे हुई और वन अमले को वहाँ पहुँचने में क्या वाक़ई दो दिन लग गए यह प्रश्न फ़िलहाल अनुत्तरित हैं।

छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला शिक्षक जेल दाखिल

कोरबा (आरएनएस)। नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 नवंबर को हरदीबाजार शासकीय हायर सेकेन्ड्री स्कूल की नाबालिग छात्रा द्वारा स्कूल में पढ़ाने वाले आरोपी शिक्षक महेन्द्र कुमार कश्यप ग्राम भिलाईबाजार चौकी हरदीबाजार के खिलाफ उसके साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल इसकी जांच की जिसमें आरोपी के खिलाफ छात्रा द्वारा लगाए गए आरोप सही पाये गये, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

दुर्ग-छपरा में अतिरिक्त कोच की सुविधा

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर सुविधा व ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कन्फर्म बर्थ उपलब्ध करने हेतु अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा गाड़ी में 01 अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से आज 26 एवं 27 नवम्बर को प्रदान की जा रही है।

नाबालिग लड़की को भगाने वाला आरोपी यूपी से गिरफ्तार

रतनपुर (आरएनएस)। बिलासपुर जिले के रतनपुर इलाके से नाबालिग लड़की को भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश में जाकर गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लड़की की मां ने कोटा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की उनकी नाबालिग लड़की को अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी का लोकेशन प्राप्त कर आरोपी एवं अपहिता को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से बरामद कर लिया गया। आरोपी धर्मेंद्र राजपूत पिता घनश्याम को गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से कोटा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

जहर सेवन कर अधेड़ ने दी जान

कोरबा (आरएनएस)। रामपुर चौकी क्षेत्रांतर्गत शंकर नगर बस्ती निवासी सुरेंद्र केंवट उम्र 50 पिता जगूराम केंवट ने किन्हीं कारणों से परेशान होकर चूहामार जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। जिसे 24 नवंबर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां कल देर शाम उसकी मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने आज सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर मृतक के शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रही है मितानिनें- मंत्री पटेल

» नौरंगपुर में मितानिन सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

रायगढ़। रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-नौरंगपुर में मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभ पहुंच बनाने का कार्य मितानिनें कर रही है। अपने समर्पण और सेवाभाव से मितानिन जरूरतमंदों की मदद करती है। उन्हें बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक करने के साथ ही बीमार पड़ने पर उपचार व उचित सलाह मुहैय्या करवाती है। कोरोना महामारी के दौरान मितानिनों ने जिस

कर्तव्य निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है वह अनुकरणीय है। साथ ही कोरोना की रोकथाम के लिए चल रहे टीकाकरण कार्यक्रम में भी मितानिनों ने लोगों को जागरूक करने व टीका लगवाने में अपनी अहम भूमिका निभायी है। रायगढ़ ने वैक्सीनेशन में राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की है। टीके लगाने का लक्ष्य पूरा करने में रायगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। इसका बराबर श्रेय ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं की महत्वपूर्ण इकाई हमारी मितानिनों को भी जाता है।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने सभी मितानिनों को मितानिन दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मितानिनों के जरिए ही गांवों में घर-घर तक स्वास्थ्य संबंधी सलाह व उपचार पहुंचती है। वे स्वास्थ्य सुविधाओं तक लोगों की पहुंच बनाने की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि सेवाभाव मितानिनों के काम की पहचान है। उनकी इस सेवा भावना को नमन है।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने मितानिनों को अपने स्वास्थ्य टीम का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने और जमीनी स्तर पर उसके क्रियान्वयन में लोगों को शामिल करने की महती जिम्मेदारी मितानिनों की होती है। इसमें मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूकता, टीकाकरण जैसे काम शामिल है। जिसे वे बखूबी अंजाम देती है, ताकि स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सफल संचालन सुनिश्चित हो। सीईओ जनपद पंचायत सागर सिंह राज ने इस मौके पर सभी मितानिनों को मितानिन दिवस की बधाई देते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

सरपंच पदमलोचन पटेल ने इस अवसर पर कहा कि मितानिनों का सदैव सहयोग ग्रामीणों को मिलता है। जिससे स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का सफल जमीनी क्रियान्वयन संभव होता है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर भीम सिंह व सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में कोविड टीकाकरण तथा माहवारी स्वच्छ ग्राम बनाने की दिशा में सामुहिक सहयोग से सफलता मिली। अब आगे गांव को कुपोषण मुक्त बनाना है।

इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत रायगढ़ श्रीमती भूमिसुता चौहान, जिला पंचायत सदस्य संगीता चौहान, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती चंचला पारस साहू, सर्वश्री चिंताराम नायक, बाबूलाल नायक, कोमल चंद पटेल, धारी यादव, सुदर्शन पटेल, हेमसागर नायक, टिकेश्वर पटेल, शत्रुघन पटेल, संतराम राठिया, रजनी पअेल, पीताम्बर पटेल उपस्थित रहे।

मितानिनें हुई सम्मानित

ग्राम-नौरंगपुर पंचायत की ओर से सम्मानित हुई मितानिनों में श्रीमती बंदरा महंत, शिवकुंअर सिदार, कंचन महंत, तुलादेवी वैष्णव, उर्मिला पटेल एवं जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम प्रदीप डनसेना शामिल थे। इसी तरह पुष्पा बघेल, मीना बघेल, बसंती बरेठ, तारा पटेल, कांति महंत, तुलादेवी वैष्णव, उर्मिला पटेल व प्रदीप डनसेना, श्रीमती यशोदा साव, श्रीमती अंजलि साव, श्रीमती श्रीमाला चौहान, सूरज बाई साव को सम्मानित किया गया।

मद्देड के जंगलों में नक्सलियों और डीआरजी के जवानों के बीच मुठभेड़

» एक जवान की घायल होने की खबर

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। पिछले 1 घंटे से रुक-रुक कर गोलाबारी जारी है। इस मुठभेड़ में डीआरजी का एक जवान भी घायल हुआ है। जिसे साथी जवान घटनास्थल से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। मुठभेड़ की अधिकारिक पुष्टि नहीं है।

जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले के मद्देड़ के जंगलों में भारी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना पर

शुक्रवार की सुबह डीआरजी जवान को मौके के लिए रवाना किया गया था। जैसे जवान जंगल की अंदर दाखिल हुए, वहां घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. फायरिंग में डीआरजी का एक जवान घायल हो गया। इलाके में नेटवर्क नहीं होने से जवानों से संपर्क नहीं हो पा रहा है।

उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस के दो कोच में लगी आग, मचा हड़कंप

» मुरैना के हेतमपुर रेलवे स्टेशन के पास हुआ हादसा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग से उधमपुर के मध्य फेरे लगाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के दो ऐसी कोच में आज आग लग गई, जिससे पूरी ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। आग लगे कोच से कई यात्रियों ने ट्रेन से कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे उन्हे चोटें भी आई है। हादसे में हादसा जम्मू-कश्मीर के मुरैना के हेतमपुर के पास हुआ। यह ट्रेन उधमपुर से दुर्ग आ रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार

उधमपुर से आज दुर्ग छग के लिए रवाना हुई एक्सप्रेस जैसे ही हेतमपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची उसी समय ट्रेन के दो ऐसी कोच ए-1 एवं ए-2 में आग लग गई। इससे पहले की आग भीषण रूप लेती उससे पहले ही ट्रेन के चालक ने इसकी जानकारी मिलते ही उसने ट्रेन को रोक दिया। लेकिन ट्रेन पूरी तरह रूकती उससे पहले ही आग लगे कोच में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग अपनी और अपने परिवार की जान बचाने के लिए सामान ट्रेन में ही छोड़कर ट्रेन से कूद गए। इससे कई यात्रियों को चोटें भी आई है। इधर ट्रेन के रूकने के बाद उसमें अन्य सवार सभी यात्री सुरक्षित कोच से बाहर उतर गये, जिसके बाद ट्रेन लगी आग पर काबू पाकर दोनों कोच को ट्रेन से अलग कर उसमें सवार यात्रियों को अन्य कोच में बैठाकर ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

इधर दोनों कोच में आग कैसे लगी इसका पता अभी तक नहीं चल पाया है। रेलवे के अधिकारी इसका पता लगाने का प्रयास कर रहे है। हालांकि आशंका जतायी जा रही है कि कोच में किसी ने सिगरेट पीकर फेंक होगी, जिससे आग लगी है। बताया गया कि इस ट्रेन में वैष्णोदवी से लौट रहे यात्री भी सवार थे। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी बिलासपुर सांकेत रंजन ने बताया कि इस ट्रेन में छत्तीसगढ़ से कुल 107 यात्री सवार थे जो सकुशल है।

एयरफोर्स भर्ती में अफसरों ने की गड़बड़ी, परीक्षा पास करने के बाद भी युवक को नहीं मिली जगह

कोरबा (आरएनएस)। एयरफोर्स द्वारा सिविलियन हाऊस कीपिंग स्टाफ की चल रही भर्ती में अफसरों द्वारा गड़बड़ी किया जा रहा है। इसका खुलासा लिखित परीक्षा पास करने वाले शारदा विहार कोरबा निवासी उम्मीदवार मृणाल सरकार ने किया है। उसने परीक्षा पास कर ली थी और वेबसाइट पर डाली गई लिस्ट की जनरल कैटेगिरी में उसका नाम 8 वें नंबर पर था लेकिन परीक्षा पास होने के बाद भी न तो उसे कोई कॉल लेटर भेजा गया और न ही कोईअन्य सूचना दी गई। वहीं स्कील टेस्ट की तारीख निकल जाने के बाद जब वह अब एयरफोर्स भर्ती कार्यालय पहुंचा तो यहां चस्पायी गई लिस्ट में उसका नाम ही गायब कर दिया गया है। उसने शिकायत करनी चाही तो आला अधिकारियों ने मिलने से इंकार कर दिया और पुलिस में भी कोई सुनवायी नहीं हुई। मृणाल ने अंबाला एसपी के पास भी इसकी शिकायत कर दी है।

शिकायतकर्ता मृणाल सरकार पिता मनोज निवासी शारदा विहार पुलिस चौकी मानिकपुर कोरबा ने बताया कि उसने एयरफोर्स की ओर से अप्रैल 2021 में सिविलिन हाऊस कीपिंग स्टाफ की भर्ती संबंधी इंटरनेट पर विज्ञापन देखा था। इसके बाद उसने भी ऑफ लाइन आवेदन किया और 11 सितंबर 2021 को वह अंबाला कैंप के एलेकजैंडरा रोड (सेनाक्षेत्र) पर स्थित एयरफोर्स स्कूल में लिखित परीक्षा दिया था। इसके बाद अक्टूबर महीने में लिखित परीक्षा का रिजल्ट निकला। जिस बारे में उसे पता नहीं चला। लेकिन अब नवंबर महीने में कुछ दिन पहले ही उसने इंटरनेट पर परीक्षा का रिजल्ट देखा तो पास लिस्ट में उसका रोलनंबर 472 जनरल कैटेगिरी में 8 वें नंबर पर था। इस लिस्ट के मुताबिक शार्ट लिस्ट यानी पास उम्मीदवारों को 18 अक्टूबर को सुबह 08 बजे अंबाला एयरफोर्स स्कूल में स्कील टेस्ट के लिए बुलाया गया लेकिन उसके पास लिस्ट में नाम आने के बावजूद न तो एयरफोर्स की ओर से कोई कॉल आयी और ना ही सूचना दी गई।

इसी कारण 22 नवंबर को ट्रेन में अंबाला कैंट पहुंचा और सीधे एयरफोर्स के सिविल एडमिन कार्यालय में गया। वहां पहुंचने पर पता चला कि स्कील टेस्ट की तारीख 18 अक्टूबर से बढ़ाकर 22 अक्टूबर कर दी गई थी जो निकल चुकी है। उसने यहां पूछताछ की तो बताया कि एयरफोर्स स्कूल के बाहर शार्ट लिस्ट उम्मीदवारों की सूची लगी है। इस सूची में उसका नाम ही गायब था। जबकि इंटरनेट पर दिए गए रिजल्ट की पहली शार्ट लिस्ट में जनलर कैटिगिरी में उसका 8वां नंबर था। वह इस बारे में लिखित शिकायत लेकर कैंट थाने में पहुंचा तो यहा भी उसकी कोई सुनवायी नहीं हुई उसे गुमराह कर चलता कर दिया गया। इसके बाद मजबूरन मृणाल ने प्रदेश के गृह मंत्री अनिल विज व अंबाला एसपी कार्यालय में इस गड़बड़ी की लिखित शिकायत दी है। मृणाल ने बताया कि उसके अलावा भी अन्य कई ऐसे उम्मीदवार हैं, जिन्होंने लिखित पास कर ली थी और वह स्कील टेस्ट में नहीं पहुंचे तो उनकी जगह अधिकारियों ने अन्य उम्मीदवारों को इस सूची में शामिल कर दी।

एसईसीएल अधिकारियों की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त

कोरबा (आरएनएस)। सिंघाली भूमिगत परियोजना में ठेका श्रमिकों से काम कराने के बाद मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। 18 लाख रुपये हड़पने के मामले में आरोपित बनाए गए एसईसीएल अधिकारी समेत चार लोगों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई। साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की सिंघाली परियोजना में शारदा विहार निवासी संतोष शर्मा ने वर्ष 2014-2015 तक ठेका श्रमिकों को नियोजित किया था। इन श्रमिकों को पारिश्रमिक के बदले सीनियर सर्वे मैनेजर डीएस राजपूत, उनके रिश्तेदार गजेन्द्र सिंह तोमर, खदान प्रबंधक सिंघाली जितेंद्र मिश्रा व सब एरिया मैनेजर के रामाकृष्णन द्वारा छह हजार प्रति श्रमिक देने के बदले 2400 रुपये का भुगतान किया गया। इस तरह पूरे कार्य का केवल 12 लाख 26 हजार रुपए का ही भुगतान किया गया, जबकि 18 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया गया। आरोप है कि राशि मांगने पर अधिकारियों द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने कि धमकी दी गई। इसके बाद ठेकेदार द्वारा न्यायालय में दायर परिवाद पर जारी आदेश उपरांत बांकीमोंगरा थाना में धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया।

महिला समूहों के सहयोग से होगा रेडी टू ईट के परिवहन और वितरण का काम

» महिला समूहों की आय में बनी रहेगी निरंतरता

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए वितरित किए जा रहे रेडी टू ईट पोषण आहार की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए केन्द्रीयकृत व्यवस्था अपनाने का निर्णय लिया गया है। इस व्यवस्था में स्वचलित मशीनों के जरिए रेडी टू ईट पोषण आहार का उत्पादन किया जाएगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत वर्तमान में अनुबंधित महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी टू ईट के परिवहन एवं वितरण कार्य में सहयोग लिया जावेगा, जिससे उनके आय के साधन में निरंतरता रहेगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 एवं फूड सेफ्टी हाईजीन निर्देश 2013 में पूरक पोषण आहार निर्माण में स्वच्छता संबंधी मानक निर्देश दिये गए हैं। साथ ही उच्चतम न्यायालय ने भी कहा है कि हितग्राहियों को दिए जा रहे पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत वितरित किए जा रहे रेडी टू ईट में निर्धारित ऊर्जा, माइक्रोन्यूट्रीएंट्स (कैलोरी, प्रोटीन, फोलिक एसिड, राइबोफ्लेविन, नाईसीन, कैल्शियम, थायमिन, आयरन, विटामिन ए, बी12, सी एवं डी) होने के साथ वह फोटिफाईड एवं फाइन मिक्स होना चाहिए। इसके साथ ही रेडी टू ईट मानव स्पर्शरहित, स्वचलित मशीन (स्नह्वद्यद्य4 ॅह्लह्यश्वद्दड्डह्लद्दस्र) द्वारा निर्मित एवं जीरो संक्रमण रहित होना चाहिए। वर्तमान में प्रचलित पूरक पोषण आहार व्यवस्था में परिवर्तन से हितग्राहियों को राष्ट्रीय अधिनियमों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ध्यान में रखते हुए मानक पूरक पोषण आहार प्रदान किया जा सकेगा। मंत्री परिषद् द्वारा 22 नवम्बर को लिए गए निर्णय अनुसार रेडी टू ईट फूड निर्माण अब कृषि विकास एवं कृषक कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य बीज एव कृषि विकास निगम द्वारा स्थापित इकाइयों के माध्यम से किया जाएगा। इस आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के संयुक्त उपक्रम रायगढ़ संयंत्र द्वारा रेडी टू ईट प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है।

विभाग ने बताया है कि केन्दीयकृत व्यवस्था लागू होने से खाद्य सामग्री की वैधता अवधि अधिक होगी और गुणवत्ता में एकरूपता आएगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

संविधान दिवस के अवसर पर जिला एवं तहसील न्यायालय में हुए भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों तथा मूल सिद्धांतों के संबंध में कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़। 26 नवम्बर को जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष रमाशंकर प्रसाद के निर्देशन में, विधि दिवस के अवसर पर, जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। सर्वप्रथम प्रातः 11 बजे न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, शासकीय अधिवक्तागण, पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा भारतीय संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। तत्पश्चात् ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के साथ संविधान के प्रस्तावना वाचन के प्रसारण कार्यक्रम में सचिव सहित पैनल लायर्स एवं पैरालीगल वालिंटियर्स सहभागी हुए।

वल्लभभाई पटेल म्यूनिसिपल स्कूल, नगरपालिक निगम रायगढ़ एवं शासकीय प्रा. माध्यमिक हाईस्कूल भूपदेव स्कूल केवड़ाबाडी रायगढ़ के स्कूली बच्चों को न्यायाधीशगण विवेक कुमार तिवारी एवं श्रीमती पल्लवी तिवारी द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया तथा संविधान दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया। अनुच्छेद 39-ए के प्रावधानों के बारे में बताते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को यह प्रतीत होता है कि वह न्याय पाने में असफल हो रहा है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा तहसील स्तर पर तालुका विधिक सेवा समिति के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि लोगों को यह लगता है कि न्यायिक प्रक्रिया बहुत ही जटिल है, लेकिन उसको सरल बनाने के लिये ही विधिक सेवा संस्थाएँ स्थापित की गई हैं। संविधान के मौलिक कर्तव्यों के बारे में यह जानकारी दी गई कि मौलिक अधिकार के साथ-साथ हमें मौलिक कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। हमारा यह नैतिक दायित्व है कि हम अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। आज हम अपने अधिकारों के विषय में तो बात करते हैं, किन्तु मूल कर्तव्यों को भूल जाते हैं। न्यायाधीशगण ने बच्चों द्वारा पूछे गये विभिन्न प्रश्नों का बहुत ही सरल तरीके से जवाब दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ की सचिव श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा के द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर, जिला जेल रायगढ में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महिला बंदियों के लिये स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ विचाराधीन बंदियों हेतु विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जेल में बंदियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराये जाने के पश्चात् विचाराधीन बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग, जेल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के महत्व तथा राजीनामा योग्य मामलों का नेशनल लोक अदालत द्वारा निराकृत किये जाने के बारे में बताया गया।